PWD2-BUD/BUDD/7/2022-III-2-Public Works Department

ई पत्रावली संख्या-40755

प्रेषक,

श्याम सिंह,
संयुक्त सचिव,
उत्तराखण्ड शासन ।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता,
लोक निर्माण विभाग,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

लोक निर्माण अनुभाग-2 देहरादूनः दिनांक 04 दिसम्बर,2023

Signed by Shyam Singh
Date: 04-12-2023 10:45:17

विषय- लोक निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड में वित्तीय वर्ष **2023-24** में राजस्व पक्ष में मशीन उपकरण सज्जा एवं संयंत्रों के क्रय किये जाने हेतु धनराशि की स्वीकृति।

महोदय,

उपरोक्त विषय पर मुख्य अभियन्ता(वि./याँ.), लो.नि.वि., देहरादून के पत्र संख्या-343/01एम.टी./2023 दिनांक 10.11.2023 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि लोक निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड में उपकरण एवं संयंत्रों के क्रय हेतु विभाग की आवश्यकताओं को देखते हुए 05 नं0 Road Roller, 01 नं0 Portable Emergency Light System Tower Type एवं 06 नं0 Wood Cutter का क्रय किये जाने हेतु ₹100.00 लाख (रूपये एक करोड़ मात्र) की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए वित्तीय वर्ष 2023-24 में व्यय हेतु इतनी ही धनराशि अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय निम्नलिखित शर्तों के अधीन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

i. व्यय करते समय बजट मैनुअल, वित्तीय हस्तपुस्तिका व मितव्ययिता के विषय में शासन द्वारा समय-समय पर निर्गत आदेशों का अनुपालन किया जायेगा, साथ ही उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली- 2017 एवं उक्त के विषय में समय-समय पर निर्गत समस्त दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
ii. उक्त मशीनों के क्रय के सम्बन्ध में शासन द्वारा निर्धारित सुसंगत नियमों एवं दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जायेगा तथा क्रय की कार्यवाही से शासन को अवगत कराया जायेगा।
iii. स्वीकृत धनराशि से उन्हीं मशीनों को खरीदा जायेगा जिनके लिये धनराशि स्वीकृत की जा रही है।
iv. यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि आइडियल कैपेसिटी का आकलन करने के उपरान्त ही मशीनों का क्रय किया जाये ताकि सभी मशीनों का ऑप्टीमम यूज हो सके।
v. वित्तीय वर्ष के अन्त तक यदि उक्त मशीनें क्रय नहीं की जाती हैं या कोई धनराशि अवशेष रहती है तो वह शासन को दिनांक 31.03.2024 तक समर्पित कर दी जायेगी।
vi. स्वीकृत धनराशि से क्रय की जाने वाली उपरोक्त मशीनों का क्रयGeM के माध्यम से किया जाना सुनिश्चित करें।
vii. उक्त स्वीकृति का बजट आवंटन, वित्त अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या- 183/XXVII(1)/2012 दिनांक 28 मार्च, 2012 के अनुक्रम में लोक निर्माण विभाग के अनुदान सं0-22, के अन्तर्गत अलॉटमेन्ट आई.डी. द्वारा आपको आवंटित कोड संख्या-4227 में कर दिया गया है।

2- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय 2023-24 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-22-लेखाशीर्षक-3054 सड़क तथा सेतु-04-जिला और अन्य सड़कें- 377 सड़क निर्माण कार्य- 03 अनुरक्षण एवं मरम्मत- 06-मोटराइज्ड ट्रॉलियों का अनुरक्षण- 40-मशीन उपकरण सज्जा एवं संयंत्र के नामे डाला जायेगा।

3- ये आदेश वित्त अनुभाग-7 के शासनादेश संख्या-61/XXVII(7)36/2017 दिनांक 02 अप्रैल, 2018 के अनुलग्नक विवरण पत्र - V(3) में वर्णित प्रतिनिधायनों एवं वित्त अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-I/111469/2023 दिनांक 31 मार्च, 2023 द्वारा के अन्तर्गत जारी किये जा रहे हैं।

संलग्नक: यथोपरि (Allotment Id)।

भवदीय

**Signed by Shyam Singh**
**Date: 04-12-2023 10:45:17**

(श्याम सिंह)
संयुक्त सचिव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार (लेखा प्रथम), महालेखाकार-भवन, कौलागढ़, देहरादून।
2. आयुक्त गढ़वाल/कुमाऊँ मण्डल, पौड़ी/नैनीताल।
3. सम्बन्धित जिलाधिकारी/कोषाधिकारी, उत्तराखण्ड।
4. समस्त क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड।
5. मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, देहरादून।
6. वित्त अनुभाग-2/वित्त नियोजन प्रकोष्ठ, उत्तराखण्ड शासन।
7. मुख्य अभियन्ता (वि./याँ.), लो.नि.वि., उत्तराखण्ड, देहरादून।
8. अधीक्षण अभियन्ता, 11वाँ वि./यां. वृत्त, लो.नि.वि., देहरादून।
9. अधिशासी अभियन्ता, वि./यां. खण्ड, लो.नि.वि., देहरादून।
10. गार्ड बुक।

(श्याम सिंह)
संयुक्त सचिव

about:blank

# बजट आवंटन वित्तीय वर्ष (2023 - 2024 )

## Secretary-Secretary, PWD(S038)

HOD-Chief Engineer PWD(4227)

आवंटन पत्र संख्या -I/172534/2023
अनुदान संख्या -022

आवंटन आई डी-S23120220005
आवंटन पत्र दिनांक-04-DEC-2023

लेखा शीर्षक

3054-सड़क तथा सेतु
337-सड़क निर्माण कार्य
06-मोटराइज्ड ट्रालियों का अनुरक्षण

04-जिला और अन्य सड़कें
03-अनुरक्षण एवं मरम्मत

Voted

| 3 | 0 | 5 | 4 | 0 | 4 | 3 | 3 | 7 | 0 | 3 | 0 | 6 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

| मानक मद का नाम | पूर्व में जारी | वर्तमान में जारी | अब तक का व्यय | योग |
|---|---|---|---|---|
| 40-मशीन उपकरण सज्जा एवं संयंत्र | 0 | 10000000 | 0 | 10000000 |
| योग | 0 | 10000000 | 0 | 10000000 |

**Total Current Allotment To HOD In Above Schemes-Rs.1,00,00,000 (Rupees One Crore Only)**

**Approval Status : APPROVED BY OFFICER**

**phone/ Fax:- 0135-2531154/2530431**

कार्यालय प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग
"नियोजन–I" उत्तराखण्ड देहरादून

**Office of the Engineer in Chief, PWD, Dehradun Uttarakhand**

**Web-http://govt.ua.nic.in/pwd** **E-mail: eicpwduk@nic.in**

पत्रांक–1466 /20 याता0'क'नियो0–1 / 2023 दिनांक–12.12.2023

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. मुख्य अभियन्ता, (वि0 / यॉ0), लोक निर्माण विभाग, देहरादून।
2. अधीक्षण अभियन्ता, 11 वां वि0 / यॉ0 वृत्त, लोक निर्माण विभाग, देहरादून।
3. अधिशासी अभियन्ता वि0 / यॉ0 खण्ड, लोक निर्माण विभाग, देहरादून।
4. अधिशासी अभियन्ता, आई0टी0सैल विभागाध्यक्ष, कार्यालय लोक निर्माण विभाग, देहरादून को इस आशय से प्रेषित कि उक्त शासनादेश की प्रति विभागीय "वैबसाईट" पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
5. कनिष्ठ अभियन्ता प्राविधिक / बजट वर्ग, विभागाध्यक्ष कार्यालय, लोक निर्माण विभाग, देहरादून।

प्रशासनिक अधिकारी
कार्यालय प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष
लोक निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड
देहरादून

about:blank